**शनिवार**
17 फरवरी 2024



**पृष्ठ 4**

**अंगूर का अधिक सेवन करने से हो सकती हैं स्वास्थ्य समस्याएं, जानिए सही मात्रा**



**पृष्ठ 5**

**सनफ्लावर 2 में अदा शर्मा निभाएंगी डरावनी बार डांसर की भूमिका**



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 23
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

तृष्णा वैतरणी नदी के समान है जिसके कारण मनुष्य को सदैव कष्ट झेलने पडते हैं।
— चाणक्य

# दून वैली मेल

**सांध्य दैनिक**
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

# फरार आरोपियों की कुर्की का काम दूसरे दिन भी जारी

विशेष संवाददाता

हल्द्वानी। 8 फरवरी को हल्द्वानी में हुई हिंसा मामले में पुलिस प्रशासन का ताबड़तोड़ एक्शन जारी है। अब तक पुलिस 42 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है वहीं 9 फरार आरोपियों के पोस्टर क्षेत्र में चस्पा किये जा चुके हैं और उनकी संपत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई भी तेजी से जारी है।



पुलिस के आला अधिकारियों का कहना है कि हिंसा करने वालों को कतई भी बख्शा नहीं जाएगा। मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक और उसके बेटे की संपत्तियों को कुर्क करने की जो कार्रवाई कल शुरू की गई थी वह आज दूसरे दिन भी जारी रही। अब्दुल मलिक के महलनुमा घर का सामान ही नहीं उसके खिड़की और दरवाजे तक पुलिस ने उखाड़ने शुरू कर दिए हैं। अब्दुल मलिक जिसका ट्रांसपोर्ट से लेकर खनन और ठेकेदारी का बड़ा कारोबार है अरबों की संपत्ति का मालिक है। जिसकी फरारी के बाद पुलिस लगातार उसके सहित अन्य आठ लोगों की तलाश में जुटी हुई है। अब्दुल मलिक व उसके बेटे की संपत्तियों के साथ फरार चल रहे अन्य सात नामजद् लोगों की भी पुलिस द्वारा संपत्तियों को कुर्क किया जाना है।

**●मलिक के घर की खिड़की- दरवाजे भी उखाड़ ले गई पुलिस, कर्फ्यू में 8 से 10 घंटे तक की छूट दी गई**

हल्द्वानी हिंसा के 8 दिन बाद भी अभी बनभूलपुरा में आंशिक रूप से कर्फ्यू जारी है आज पुलिस प्रशासन द्वारा कुछ क्षेत्रों में दो से लेकर 8 घंटे तक की ढील जरूर दी गई है यह ढील सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे के बीच दी गई है जिससे लोग अपनी जरूरत का जरूरी सामान ले सके। सिटी मजिस्ट्रेट रिचा सिंह और एसडीएम पारितोष तथा जोनल कमिश्नर ए वी वाजपेई भी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। अधिकारियों का कहना है की स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# भाजपा कार्यालय कूच करते एनएसयूआई कार्यकर्ता गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस के बैंक अकाउंट फ्रीज करने के विरोध में आज एनएसयूआई द्वारा प्रदेश भाजपा कार्यालय कूच किया गया। जिन्हे पुलिस द्वारा बैरिकेटिंग लगाकर रोक दिया गया। इस दौरान पुलिस के साथ हुई झड़प में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष प्रकाश नेगी के साथ ही एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को चोटें भी आयी है। जिन्हे बाद में डालनवाला कोतवाली लाकर छोड़ दिया गया। इस दौरान डालनवाला कोतवाली में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष प्रकाश नेगी के नेतृत्व में आज एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के बैंक अकाउंट फ्रीज करने के विरोध में भाजपा प्रदेश कार्यालय कूच किया गया। जिन्हे पुलिस द्वारा बैरकेडिंग कर फाउण्टेन चौक पर रोक दिया गया। इस पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा वहीं पर सरकार का पुतला जलाने का प्रयास किया गया।



जिन्हे पुलिस द्वारा रोके जाने पर उनकी पुलिस के साथ झड़प भी हो गयी। जिसमें जिलाध्यक्ष प्रकाश नेगी सहित अन्य कार्यकर्ताओं को गंभीर चोटें आई है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रकाश नेगी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव के ठीक पूर्व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं भारतीय यूथ कांग्रेस के बैंक अकाउंट फ्रीज करना निंदनीय है यह लोकतंत्र की हत्या करना जैसा है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार पूर्णतः आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए डरी हुई है , हमारी मांग यही है की फ्रीज किए गए बैंक अकाउंट्स को जल्द से जल्द सुचारू रूप से पुनः संचालित किया जाए।

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में गिरा पंडाल, 8 लोग घायल

नई दिल्ली। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। स्टेडियम के गेट नंबर 2 के पास बन रहे लॉन हैंगर (पंडाल ) का एक हिस्सा टूटकर गिर गया। इस हादसे में आठ लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साउथ दिल्ली के डीसीपी अंकित चौहान हादसे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जो हिस्सा गिरा है वह काफी बड़ा है। हादसे में किसी की मौत नहीं हुई है। स्टेडियम के गार्ड ने बताया कि जब हादसा हुआ उस वक्त अधिकतर श्रमिक ब्रेकफास्ट करने गए थे, वरना यह हादसा बहुत बड़ा हो सकता था। कुछ लोग वहां से आ-जा रहे थे, वही लोग लॉन हैंगर की चपेट में आ गए। हादसे के घायलों को सफदरजंग अस्पताल और दिल्ली एम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सभी खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।



## भाजपा में शामिल हो सकते हैं कमलनाथ और नकुलनाथ !

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस को लगातार झटके लग रहे हैं। ताजा खबर मध्य प्रदेश से आ रही है जहां पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके सांसद बेटे नकुलनाथ जल्द ही बीजेपी का दामन थाम सकते हैं। पिछले दिनों से ही ये अटकलें लगाई जा रही थी कि कमलनाथ कांग्रेस आलाकमान से नाराज चल रहे हैं।




सूत्रों के मुताबिक, कमलनाथ को अपने पुत्र नकुलनाथ के राजनीतिक भविष्य की चिंता है। पिछले लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में कांग्रेस को महज एक सीट भी मिली थी जो कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा की थी, जहां उनके बेटे नकुलनाथ ने कड़े संघर्ष के बाद जीत हासिल की थी। छिंदवाड़ा में कमलनाथ/नकुलनाथ की जीत का मार्जिन लगातार घटा है। वहीं बीजेपी ने छिंदवाडा को अपनी कमजोर सूची में रखा है और पिछले 3 सालों में बीजेपी ने वहां बहुत मेहनत की है।

मध्य प्रदेश बीजेपी प्रवक्ता और कमलनाथ के पूर्व मीडिया सलाहकार नरेंद्र सलूजा ने कमलनाथ-नकुलनाथ की फोटो एक्स पर पोस्ट करते हुए श्जय श्री रामश लिखा है जिसके बाद अटकलों का बाजार गर्म है कि क्या कमलनाथ या नकुलनाथ बीजेपी जा रहे हैं। हालांकि कमलनाथ या नकुलनाथ की तरफ से न तो बीजेपी में जाने को लेकर कोई बयान आया है और न ही उन्हों अब तक इसका खंडन किया है। इस बीच पिता पुत्र की जोड़ी अब से कुछ ही देर में दिल्ली लैंड होने वाली है जहां से वो राजदूत मार्ग स्थित अपने बंगले जाएंगे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# नये भारत की नई राजनीति

आपने कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के नेताओं से यह सुना होगा कि यह नए दौर का नया भारत है। अगर देश के सामाजिक और राजनीतिक एवं आर्थिक हालातो पर आप गौर करें तो आप भी यह जरूर मान लेंगे की वास्तव में यह नए दौर का नया भारत ही है क्योंकि इस भारत में इन दिनों बहुत कुछ ऐसा हो रहा है जो इससे पहले शायद कभी नहीं हुआ है। अगर ताजा घटना कर्मों से ही हम अपनी बात शुरू करें तो आयकर विभाग द्वारा बीते कल कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करने की घटना को ही ले तो ऐसा देश के इतिहास में पहली बार ही हुआ है जब किसी राजनीतिक पार्टी के बैंक खाते रिकवरी को लेकर फ्रिज किए गए हो। कल हरियाणा और पंजाब के शंभू बॉर्डर का नजारा अगर देश के लोगों ने देखा होगा जहां दिल्ली कूच करने वाले किसानों पर आसमान और जमीन से आंसू गैस गोले बरसाए गए वैसा युद्ध के मैदान जैसे हालात भी शायद पहले देश के लोगों ने कभी नहीं देखे होंगे। अगर थोड़ा सा पीछे लौटकर जाए तो देश के नए संसद भवन में जिस तरह से दो युवकों द्वारा दर्शक दीर्घा से कूद कर लोकसभा सदन को धुंआ-धुंआ कर दिया गया वैसा भी शायद इससे पहले कभी नहीं हुआ होगा। मोदी शब्द को लेकर राहुल गांधी पर मानहानि के मुकदमे में उन्हें अदालत द्वारा सजा सुनाने और लोकसभा से तुरत फुरत उनकी सदस्यता समाप्त किए जाने तथा उनसे सरकारी आवास खाली कराने जैसी घटना भी शायद देश के लोगों ने पहले कभी नहीं देखी होगी। अभी सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में हुई धांधली को लेकर उसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया गया। यह भी शायद नए भारत के इतिहास की एक ऐतिहासिक घटना ही थी जब देश की सबसे बड़ी अदालत द्वारा इससे पूर्व लोकतंत्र पर ऐसी टिप्पणी की गई हो। एक नहीं ऐसी अनेक घटनाएं हैं जो इस देश में पहले कभी नहीं देखी गई। भारत के संसदीय इतिहास में किसी मुद्दे को लेकर विपक्ष के 143 सांसदों को निलंबित किया जाने और राज्यों की सत्ता और जनादेश का चीर हरण की तमाम घटनाएं ऐसी है जिनका उल्लेख करना भी मुश्किल सवाल है। बीते कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बयान में कहा है कि जनता ही उनका सुरक्षा कवच है। सवाल यह है क्या देश की राजनीति में कोई युद्ध हो रहा है कवच की जरूरत अगर प्रधानमंत्री को है तो इस सच को स्वीकार करने में भी कोई बुराई नहीं है कि देश की राजनीति वास्तव में अब राजनीति नहीं रह गई है। युद्ध के मैदान में तब्दील हो चुकी है। जिसमें एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा खड़ी है जिसके साथ उसके अनुसांगिक संगठनों के अलावा कांग्रेस सहित अन्य दलों के तमाम वह छत्रप दल है जिन्हें जेल जाने का डर है और वह तमाम दल जिन्हें हार का भय है भाग कर उनकी शरण में जा रहे हैं दूसरी तरफ अकेले राहुल गांधी और उनके व्योवृद्ध सारथी मल्लिकार्जुन खड़गे हैं कांग्रेस भी जानती है और राहुल गांधी तथा खड़गे भी जानते हैं तथा भाजपा भी अच्छी तरह से जानती है कि कांग्रेस की सांगठनिक ताकत अब इतनी नहीं बची है कि मोदी और भाजपा का मुकाबला कर सके। लेकिन देश की जनता और लोकतंत्र के पास अभी भी इतनी ताकत है कि वह उस भाजपा को भी हरा सकती है जो अबकी बार 400 पार का नारा दे रही है और विपक्ष को दर्शक दीर्घा में बैठाने की बात कह रही है। राहुल गांधी की सामाजिक न्याय यात्रा जिसके माध्यम से राहुल गांधी जनता की अदालत का दरवाजा खटखटा रहे हैं वह भाजपा पर भारी न पड़ जाए? यह सवाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी अब परेशान जरूर कर रहा है अन्यथा वह भी जनता को अपना रक्षा कवच नहीं बता रहे होते। अब देखना यह होगा कि इस बदलते भारत की नई राजनीति में जनता किसका रक्षा कवच बनती है।

## सत्र गैरसैण में न होने पर परिषद ने जतायी चिन्ता

देहरादून (सं)। आंदोनकारी संयुक्त परिषद ने गैरसैण में विधानसभा सत्र न होने पर चिन्ता व्यक्त की। आज यहां उत्तराखण्ड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार व वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल ने संयुक्त बयान जारी करते हुए उत्तराखण्ड सरकार का विधानसभा सत्र गैरसैण में न होने पर गहरी चिन्ता जताई है। उन्होंने कहा कि अगर गैरसैण में सत्र नही हुआ तो वहां पर बना विधानसभा भवन मात्र एक शौ पीस बनकर रह जाएगा। जबकि राज्य बना भी नहीं था तब राज्य आंदोलनकारियों ने गैरसैण को राज्य की राजधानी घोषित कर दी थी। त्रिवेन्द्र सरकार ने तो गैरसैण को ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित कर रखी है। प्रभात डंडरियाल व सुरेश कुमार ने उम्मीद जतायी कि आगे जब भी विधानसभा सत्र होगा तो वह गैरसैण में कराये ताकि गैरसैण में विधानसभा भवन वहां पर शौ पीस बनकर ना रह जाये।

जायेव पत्यावधि शेव मंहसे पज्राया गर्भ शृणुहि ब्रवीमि ते।
अन्तर्वाणीषु प्र चरा सु जीवसेऽनिन्द्यो वृजने सोम जागृहि।।
(ऋग्वेद ९-८२-४)

हे जीवात्मा ! जिस प्रकार एक सदाचारी पत्नी की अपने पति में प्रीति होती है। वैसे ही आप परमेश्वर के बने हुए नियमों के अंतर्गत रहते हुए उससे प्रीति करो। आप दोषों से दूर होकर सद्कर्म करते हुए अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करो।

# कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार का पुतला फूंका

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस के खाते फ्रीज करने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इनकम टैक्स कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार का पुतला फूंका अपर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया गया।



आज यहां कांग्रेस के खाते आयकर विभाग द्वारा फ्रीज करने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इनकम टैक्स ऑफिस पर प्रदर्शन किया और मोदी सरकार का पुतला फूंका। विरोध प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी सम्मिलित हुए। कांग्रेस भवन में एकत्रित होकर कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और महानगर अध्यक्ष डॉ जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में जुलूस की रूप में इनकम टैक्स ऑफिस की तरफ बढ़े। पुलिस मुख्यालय के समीप रोके जाने पर कार्यकर्ताओं ने वहीं पर केंद्र की भाजपा सरकार का पुतला फूंका और नारेबाजी की। इस संबंध में राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन भी अपर जिलाधिकारी को मौके पर दिया गया। हरीश रावत ने कहा कि ठीक चुनाव से पहले इस तरह की हरकत दिखती है कि भाजपा देश के संसदीय लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। कुछ जांच भी जरूरी थी तो कम से कम चुनाव तक तो रुकना चाहिए था। अब जब पार्टी अपने खातों का संचालन वैधपूर्ण राजनीतिक गतिविधियों हेतु नहीं कर पाएगी तो लोकसभा चुनावों में कैसे भागीदारी कर पायेगी। भाजपा देश को पूरी तरह से तानाशाही व्यवस्था की तरफ ले जा रही है।

महानगर अध्यक्ष गोगी ने कहा कि इनकम टैक्स विभाग ने भाजपा के इशारे पर यूथ कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी से 210 करोड़ रुपए की रिकवरी मांगी है। पार्टी के द्वारा जारी चेक क्लियर नहीं किये जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के खाते भी फ्रीज कर दिए गए हैं। भाजपा ने खुद तो असंवैधानिक करार दिए गए इलेक्टोरल बांड से बेतहाशा धन अपने खातों मे जमा किया और कांग्रेस ने लोगों के बीच क्राउड फंडिंग से जो योगदान लिया उस अकाउंट को भी फ्रीज कर दिया गया है। जनता सब चीजों को महसूस कर रही है। पार्टी कार्यकर्ता ऐसी हरकतों पर चुप नहीं बैठेंगें। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव महिंद्र नेगी गुरू, गरिमा दौसोनी, अभिनव थापर, सूरज क्षेत्री, अभिषेक तिवारी, राजेश पुंडीर, वकील अहमद, शहजाद अंसारी, ललित बद्री, मोहम्मद फारूक, अर्जुन पासी, मोहन सिंह थपली, आदर्श सूद, गगन छाछर, विनीत प्रसाद भट्ट, चुन्नीलाल ढींगरा, वीरेंद्र पवार, भूपेंद्र नेगी, उदय सिंह रावत, अल्ताफ अहमद, पिंटू मौर्य, सलीम अंसारी, रवि हसन, अमन सिंह, मुकेश, संजय भारती, मुस्तकीम अंसारी, हारुन अंसारी, मुजाहिद अली, युसुफ मलिक, नईम अहमद, इस्लाम अंसारी, प्रवीण भारद्वाज, मोहम्मद इकराम, संजय शर्मा, लकी राणा ,इलियास खान, सौरभ थापा, अरविंद गुरग, वरुण पासी आदि उपस्थित थे।

## नाबालिग को भगा ले गया अधेड़!

देहरादून (सं)। नाबालिग को अधेड़ द्वारा भगा ले जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हेमकुण्ड गुरूद्वारे के पास रहने वाले व्यक्ति ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी 14 साल की बेटी स्कूल गयी थी लेकिन शाम तक वापस नहीं आयी तो उसने उसको सभी सम्भावित स्थानों पर तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। आसपास के लोगों से पता करने पर उसको पता चला कि गुरूद्वारे के पास दुकान चलाने वाला एक अधेड़ सिक्ख व्यक्ति उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## सर्विस देने के नाम पर ठगे 37 हजार रूपये

देहरादून (सं)। ऑन लाइन सर्विस देने के नाम पर 37 हजार रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाष नगर निवासी युवराज जोशी ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 16 अगस्त 23 को उसके नम्बर पर काल आई अथवा उसने दुबारा काल किया तो उसको पता चला कि ये जॉब दिलाने वाली कम्पनी है और उसको 3929 रूपये में प्रीमियम सर्विस मिलेगी और बाद में काल आएगा।

सांय पौने आठ बजे में उसको सुजन सिंह नामक व्यक्ति का काल आया जिसने बताया कि वह शाईन कम्पनी में कार्यरत है और यहा जॉब दिलाने के लिये सर्विसेज दिलाता है उसने उसको भरोसे में लेकर कहा कि वह बस 8140 रूपये दे दीजिए और उसको सारी सर्विस मिल जाएेगी। इसके लिए उसने उसे मेल भेजा जिसमें 8140 रूपये का इन्वाईस था। उसके पैसे जमा करने बाद वह बोला अब उसकी एक सर्विस पूरी हुई (या उसका चार्ज पुरा हुआ। अब दूसरी सर्विस के लिए 13946 रूपये जमा करे जिसके लिए उसने फिर इन्वाईस वाला मेल भेजा जब उसने मना किया तो बोला की रिफंड तो उनकी कम्पनी नहीं देती है और बोला की बस 13946 रूपये आखरी राशी है उसके बाद उनकी कम्पनी आपसे कुछ नहीं मांगेगी। इस प्रकार उन्होंने उससे 33 हजार 746 रूपये ठग लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सफाई कर्मचारियों का वेतन खातों में भिजवाने की मांग

संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रीय बाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा ने पार्षद समिति के सफाई कर्मचारियों का वेतन उनके खातों में भिजवाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।



आज यहां राष्ट्रीय बाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका से मुलाकात कर उनको ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि विगत पांच वर्षो से नगर निगम में पार्षद समिति में कार्यरत सफाई कर्मचारी पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। दो दिसम्बर को बोर्ड का कार्यकाल पूरा होने पर बोर्ड भंग है। इन कर्मचारियों का वेतन कम्पनी के माध्यम से दिया गया है जिसका संगठन विरोध करता है तथा संगठन ठेकेदारी प्रथा का पुरजोर विरोध करता है। उन्होंने कहा कि संगठन शुरू से ही मांग करता रहा है कि पार्षद समिति के सफाई कर्मियों को पुरानी मौहल्ला स्वच्छता समिति की भांति सीधे नगर निगम से वेतन उनके खातों में भिजवाया जाए किसी भी कम्पनी से अगर उनका वेतन दिलाया जाता है तो उनका शोषण होगा। उन्होंने मांग की है कि शीघ्र कर्मचारी हित में कार्रवाई की जाए तथा कर्मचारियों के शोषण को रोका जाए। ज्ञापन देने वालों में विनोद घाघट, राजेन्द्र मोहन केसला, अरूण चौहान, राजेश राजोरिया, मनोज कुमार, संजय कुमार आदि शामिल थे।



# खोखा पटरी एसोसिएशन का लघु व्यापार संगठन में विलय

संवाददाता

हरिद्वार। ललतारो पुल खोखा पटरी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपनी एसोसिएशन का लघु व्यापार एसोसिएशन में विलय कर दिया है।

आज यहां ललतारो पुल खोखा पटरी एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियो ने रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों के मात्र संगठन लघु व्यापार एसोसिएशन में अपनी आस्था प्रकट करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा की अगवाई में अपने तमाम साथियों सहित लघु व्यापार एसोसिएशन से सम्बद्ध करते हुए अपने संगठन का विलय किया।

इसी दौरान प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने संगठन का विस्तार करते हुए ललतारो पुल इकाई का गठन कर अध्यक्ष सुनील कुकरेती, महामंत्री रिंकू यादव, कोषाध्यक्ष फूल सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती किरण देवी, मीडिया प्रभारी संगठन मंत्री राधा कृष्ण, संरक्षक गजेंद्र सिंह, सदस्य रजनी तोमर, संजय चौहान, अर्चना देवी, प्राची, संगीता देवी, बबलू तोमर, राजेंद्र कुमार, चुन्नीलाल आदि को पदाधिकारी नियुक्त किया। बैठक में सम्मिलित हुए लघु व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों में राजकुमार एंथोनी, मनोज कुमार मंडल, कुंदन कश्यप, महेंद्र सैनी, सचिन राजपूत, मनीष शर्मा, विकास सक्सेना, प्रदुमन गुप्ता, बलवीर सिंह, जय सिंह बिष्ट, कमल सिंह, सुमन गुप्ता, प्रभात चौधरी वीरेंद्र कुमार, जितेंद्र पांडे, ओमप्रकाश भाटिया, सोनू हालदार, सतपाल सिंह, ठाकुर चंदन रावत आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# दो दुपहिया वाहन चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दो स्थानों से दो दुपहिया वाहन चोरी कर लिये। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हनुमन्त रेजीडेन्सी पित्थुवाला निवासी सोनिया काला ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी स्कूटी रेजीडेन्सी की पार्किग में खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आयी तो उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। वहीं सिनोला निवासी बादर हयात ने जीएमएस रोड से अपनी मोटरसाईकिल चोरी होने का मुकदमा पटेलनगर कोतवाली में दर्ज कराया। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शराब के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डालनवाला कोतवाली पुलिस ने वर्कशाप वाली गली में एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 60 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम दीपक पुत्र रंगीलाल निवासी नदी रिस्पना बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# घर में घुसकर मारपीट करने पर पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। घर में घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पथरियापीर निवासी सोभिया ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके पडोस में रहने वाले सुनीता, राहुल, पप्पू, सूरज व ऋषिभ उनके घर में घर आये और उसको व उसके बेटे के साथ गाली गलौच करने लगे। उन्होंने जब उनका विरोध किया तो इन्होंने उनके साथ मारपीट करते हुए घर का सामान तोडफोड दिया। जब आसपास के लोग वहां पर पहुंचे तो यह उनको जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# एमकेपी छात्रसंघ पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री को समस्याओं से अवगत कराया

संवाददाता

देहरादून। एमकेपी (पीजी) कॉलेज की छात्रसंघ पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री डा. धनसिंह रावत को कालेज की समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री ने आश्वासन दिया कि शीघ्र समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।

आज एम के पी (पी.जी.) कॉलेज की छात्रसंघ अध्यक्षा शालिनी बिष्ट, उपाध्यक्षा रितिका नौटियाल, महासचिव तनूजा, कोषाध्यक्ष सानिया मिर्जा, सह सचिव अलवीरा,वी.वी. प्रतिनिधि शिवानी रावत व अन्य छात्राओं द्वारा शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत को महाविद्यालय के गंभीर समस्याओं के लिए ज्ञापन दिया गया।



जिसमे अध्यक्षा शालिनी बिष्ट द्वारा बताया गया कि महाविद्यालय में प्रतिवर्ष लगभग 3500 छात्रायें अध्ययन करती है जबकि कुल 14 प्राध्यापिकायें कार्यरत हैं। कुछ विषयों में तो एक भी प्रध्यापिका उपलब्ध नहीं है। जिससे छात्राओं के शिक्षण कार्य में अत्यधिक समस्या उत्पन्न हो रही है व महाविद्यालय में केवल दो सफाई कर्मचारी उपलब्ध है जिससे सफाई व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उपाध्यक्षा रितिका नौटियाल ने बताया कि महाविद्यालय में कोई भी प्राध्यापिका 40 वर्ष आयु तक नहीं होने के कारण एन सी सी के ए. एन.ओ. का पद रिक्त है जिसके कारण महाविद्यालय में एन. सी.सी. की छात्राओं को अत्यधिक कठिनाईयों को सामना करना पड़ रहा है। महासचिव तनूजा ने बताया कि महाविद्यालय में स्थित बास्केट बॉल कोर्ट की मरम्मत करवायी जानी अनिवार्य है। कोषाध्यक्ष सानिया मिर्जा द्वारा बताया गया की महाविद्यालय में छात्राओं हेतु एक वाटर कूलर की अति आवश्यकता है। सह सचिव अलवीरा ने बताया जी महाविद्यालय में चित्रकला विभाग व पुस्तकलाय विभाग की छत पर मरम्मत का कार्य किया जाना आवश्यक है। विश्व विद्यालय प्रतिनिधि शिवानी रावत द्वारा बताया गया कि महाविद्यालय में फर्नीचर (कुर्सी व मेज) की आवश्यकता है। इस सन्दर्भ में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आश्वासन दिया कि वह छात्रसंघ की मांगो का समर्थन करते है व शीघ्र अति शीघ्र इन विषयो में कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# क्यूआर कोड के माध्यम से निकाले 45 हजार रूपये

संवाददाता

देहरादून। क्यू आर कोड के माध्यम से 45 हजार रूपये निकालने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपथ काम्प्लैक्स में दुकान चलाने वाले विवेक भूषण जुगरान ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 14 फरवरी को सांय साढे छह बजें किसी अज्ञात व्यक्ति ने फ्राड करके उससे 40,000 एवं 5000 रूपये क्यू आर कोड को माध्यम से ले लिए जिसके बाद तत्काल उसने साइबर सेल को शिकायत दर्ज कर दी थी। उसकी वो रकम होल्ड हो चुकी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# गांजे के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने गांजे के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर थाना पुलिस ने क्षेत्र में एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 1200 ग्राम गांजा बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम लियाकत पुत्र गुलाममददीन निवासी गब्बर बस्ती सहसपुर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने गयी टीम पर हमला, मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। निगम की जमीन के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अतिक्रमण किये जाने पर उसको तोडने गयी टीम पर हमला किये जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रमेश चन्द्र जोशी राजस्व उपनिरीक्षक ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि ग्राम चालंग स्थित भूमि जो नगर निगम, राजस्व की खाला/बंजर/उत्तरांचल सरकार की भूमि है। जिस पर प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा पूर्व में भी अतिक्रमण पाये जाने पर अतिक्रमण मुक्त किया गया था, पर सूचना प्राप्त हुयी कि उसमें अतिक्रमणकारियों द्वारा पुनः अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी गयी। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर नगर निगम, राजस्व विभाग की संयुक्त टीम संबन्धित मौके पर पंहुची। जहाँ पर पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि रमेश चहल निवासी राजपुर रोड, देहरादून कुछ भूस्वामियों के साथ मिलकर उक्त स्थान पर प्लॉटिंग कर भूमि का विक्रय कर रहे हैं। इस पर उपस्थित लोगों की सहायता से रमेश चहल को मौके पर बुलाया गया तो रमेश चहल अपने कुछ साथियों के साथ मौके पर आया। उसे यह अवगत कराया गया कि जब उक्त अतिक्रमण पूर्व में हटाया जा चुका था तो आपने पुनः क्यों अतिक्रमण किया। प्रश्नगत संपत्ति में खाला स्थित है। जिस पर अतिक्रमण होने से बरसात आदि में जल बहाव बढ़ जाने से आम जनमानस के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है तथा नदी खाले आदि पर अतिकमण व प्लॉटिंग व निर्माण के संबन्ध में उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का भी उल्लंघन / अवमानना है। उपरोक्त वार्ता चल ही रही थी कि रमेश चहल व उसके अन्य 10-15 साथी एकदम से आवेश में आने लगे तथा रमेश चहल द्वारा बताया गया कि उसने उक्त पर नगर निगम से अनापत्ति प्राप्त की है। जिस पर नगर निगम से उपस्थित कर्मियों द्वारा ऐसी कोई अनापत्ति निर्गत किये जाने से इंकार किया। मौके पर अभिलेखों से मिलान करने पर पाया गया कि अवैध प्लाटिंग खाले आदि को भरवाकर अतिक्रमण किया गया है। मौके पर उपस्थित मौहम्मद सादाब तहसीलदार सदर, संजय सैनी राजस्व निरीक्षक, नगर निगम के कर्मी ऋषिपाल चौधरी, स्वयंबर दत्त भटट, राकेश कुमार आदि द्वारा रमेश चहल व उसके साथियों को समझाने का प्रयास करते हुए अतिकमण हटाने की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी तो वहां उपस्थित रमेश चहल आदि द्वारा उन्हें निस्पादित दस्तावेजों की प्रति नहीं दिखायी गयी तथा प्रति देने से भी मना किया जो कि यह स्पष्ट कर रहा था कि रमेश चहल व अन्य भूस्वामियों द्वारा अपनी भूमि की आड में नगर निगम, राजस्व विभाग व उत्तराखण्ड सरकार की उक्त भूमि को उक्त फर्जी व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर विकय किया जा रहा है। इस संबन्ध में जब इनसे पूछने का प्रयास किया तो इन्होंने अत्यधिक उत्तेजित होकर गाली-गलौच, जान से मारने की धमकी देते हुए संपत्ति के चिन्हीकरण से संबन्धित कार्यवाही में उपकरणों व सरकारी अभिलेखों को फाडने का प्रयास करते हुए राजकीय कार्य में व्यवधान व जेसीबी को तोडने का प्रयास कर बाधा उत्पन्न की गयी,संबन्धित अतिक्रमण को नगर निगम की जेसीबी से ध्वस्त करते हुए अवैध अतिक्रमण को चिन्हित किया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# द इंद्राणी मुखर्जी स्टोरी: बरीड ट्रुथ का ट्रेलर जारी, शीना मर्डर केस का हर पन्ना खोलेगी सीरीज

शीना बोरा हत्याकांड तो हर किसी को याद होगा। अब इस हत्याकांड के सभी राज से एक-एक करके पर्दा उठने वाला है। दरअसल, द इंद्राणी मुखर्जी- बरीड ट्रुथ डॉक्यूमेंट्री सीरीज का ट्रेलर जारी हो गया है।

इस ट्रेलर ने आते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। द इंद्राणी मुखर्जी- बरीड ट्रुथ डॉक्यूमेंट्री सीरीज में शीना बोरा की मौत से लेकर इंद्राणी की गिरफ्तारी तक हर चीज को बेहद बारीकी से दिखाया गया है।

द इंद्राणी मुखर्जी स्टोरी- बरीड ट्रुथ शीना बोरा मर्डर मामले को दिखाती है, जो लंबे समय तक चर्चा में बना रहा। शीना बोरा हत्याकांड साल 2012 का है। इस केस में इंद्राणी मुखर्जी और उनके पति पीटर मुखर्जी का नाम सामने आया था। यह डॉक्यूमेंट्री कहानी के दोनों पक्षों के कई राज खोलेगी। इंद्राणी की गिरफ्तारी, जेल में उनके साथ किए गए सुलूक समेत कई पर्तें खुलने वाली हैं। अब इसके ट्रेलर को सोशल मीडिया पर अच्छा रिस्पांस मिल रहा है।

अभी इंद्राणी जमानत पर बाहर हैं। द इंद्राणी मुखर्जी स्टोरी- बरीड ट्रुथ में खुद मुखर्जी के साथ-साथ उनके परिवार, वकीलों और मामले को उजागर करने वाले अनुभवी पत्रकारों के इंटरव्यू भी शामिल होने वाले हैं।

दर्शक भी अब इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, मैं इसका इंतजार कर रहा हूं।

शीना बोरा मामले में आरोपी इंद्राणी मुखर्जी सीरीज की रिलीज डेट की भी घोषणा हो गई है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसका ट्रेलर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा, बंद दरवाजों के पीछे यह परिवार रहस्यों के अलावा और भी बहुत कुछ छुपाता है।

द इंद्राणी मुखर्जी स्टोरी- बरीड ट्रुथ में उस हत्याकांड के बारे में गहराई से जानें, जिसने एक बार पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था, जो 23 फरवरी को केवल नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। (आरएनएस)

# रजनीकांत पर भारी पड़े रवि तेजा, लाल सलाम ने ईगल के सामने टेके घुटने

इस शुक्रवार बॉक्स ऑफिस पर साउथ की दो बड़ी फिल्मों का आमना-सामना हुआ है. एक तरफ जहां साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म लाल सलाम रिलीज हुई, तो दूसरी तरफ रवि तेजा स्टारर ईगल ने दस्तक दिया. ये दोनों ही फिल्में 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई हैं.

वैसे तो किसी भी फिल्म को हिट करवाने के लिए रजनीकांत का नाम ही काफी होता है. लेकिन इस बार रवि तेजा रजनीकांत पर भारी पड़ चुके हैं. जी हां, कमाई के मामले में रवि तेजा की फिल्म लाल सलाम से काफी आगे है. इन दोनों फिल्मों के दूसरे दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ चुका है. तो आइए जानते हैं कि रिलीज के सेकेंड डे पर किसने कितनी कमाई की...

रजनीकांत की फिल्म लाल सलाम की बात करें तो फिल्म ने ओपनिंग डे पर 3.55 करोड़ का कलेक्शन किया. सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के मुताबिक, वहीं रिलीज के दूसरे दिन मूवी ने करीब 3 करोड़ का कारोबार किया. वहीं फिल्म के दो दिनों का कुल कलेक्शन 6.55 करोड़ हो गया.

बता दें कि लाल सलाम एक एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसे रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या ने डायरेक्टर किया है. इस फिल्म को भाषाओं रिलीज किया गया है, जिसमें विष्णु विशाल और विक्रांत लीड किरदार में हैं. वहीं फिल्म में रजनीकांत भले ही कैमियो रोल में हैं, लेकिन उनका किरदार काफी प्रभावशाली है.

रवि तेजा की तेलुगु एक्शन थ्रिलर ईगल को लेकर दर्शकों के बीच गजब का क्रेज देखने को मिल रहा है. फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहे हैं. यही वजह है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. ओपनिंग डे पर इस फिल्म ने 6.2 करोड़ की शानदार कमाई की. वहीं अब शनिवार का कलेक्शन भी सामने आ गए है. सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के मुताबिक ईगल ने दूसरे दिन पर 4.75 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया. कुल मिलाकर रवि तेजी की फिल्म ने दो दिनों में कुल 10.95 करोड़ की कमाई कर ली है. इस लिहाज से ईगल बॉक्स ऑफिस पर रजनीकांत की फिल्म से काफी आगे चल रही है. (आरएनएस)


**वैधानिक सूचना**

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# अंगूर का अधिक सेवन करने से हो सकती हैं स्वास्थ्य समस्याएं, जानिए सही मात्रा



अंगूर कई विटामिन और खनिजों से भरपूर होते हैं।यही वजह है कि डॉक्टर भी इन्हें डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं, लेकिन अंगूर का अधिक सेवन फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है।अमूमन लोग छोटे होने के कारण अधिक अंगूर खा लेते हैं और इससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।आइए जानते हैं कि ज्यादा अंगूर खाने से क्या-क्या समस्याएं हो सकती हैं और रोजाना कितनी मात्रा में इनका सेवन करना लाभदायक है।

दस्त या कब्ज

अंगूर में प्राकृतिक शर्करा अधिक होती है और उच्च शर्करा युक्त खाद्य पदार्थों के अधिक सेवन से दस्त की समस्या हो सकती है।इसके अतिरिक्त अंगूर अघुलनशील फाइबर से भी भरपूर होते हैं और इनकी अधिक मात्रा पाचन क्रिया को प्रभावित कर सकती है, जिससे दस्त या कब्ज हो सकते हैं।अंगूर का अधिक सेवन पेट दर्द का कारण भी बन सकता है।यहां जानिए सर्दियों में ये आदतें उत्पन्न कर सकती हैं कब्ज की समस्या।



वजन का बढ़ना

अंगूर के अधिक सेवन से वजन बढ़ने की भी संभावना रहती है और इसका कारण इनमें मौजूद प्राकृतिक शर्करा हो सकती है।कई लोग इस वजह से इन्हें अपनी डाइट में शामिल कर लेते हैं क्योंकि इनमें फाइबर और कम कैलोरी होती है, लेकिन अंगूर के जरिए अधिक मात्रा से शरीर में पहुंचने वाली शर्करा से वजन कम होने की बजाय बढ़ सकता है।इसलिए वजन घटाने वाले लोग इस फल का कम ही मात्रा में सेवन करें।

गैस होना

कभी भी खाली पेट अंगूर का सेवन न करें क्योंकि इस स्थिति में अधिक अंगूर खाने से गैस की समस्या हो सकती है।इससे आंतों की परत को भी नुकसान पहुंच सकता है, जिससे सिरदर्द और उल्टी भी हो सकती है।बता दें कि सैलिसिलिक एसिड की मौजूदगी के कारण अंगूर आपके पेट में जलन पैदा कर सकते हैं, जिससे गैस बनने लगती है।यहां जानिए गैस की समस्या से राहत दिलाने वाले हर्बल चाय।

गर्भावस्था में पहुंचा सकते हैं नुकसान

गर्भवती महिलाओं के लिए भी अंगूर का अधिक सेवन मुसीबत बन सकता है।इसका मुख्य कारण है कि अंगूर में फिनोलिक यौगिक मौजूद होते हैं, जिसकी अधिकता से गर्भवती महिला और होने वाले शिशु का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।इसके अतिरिक्त स्तनपान कराने वाले महिलाओं को भी अंगूर का अधिक सेवन करने से बचना चाहिए।इन स्थितियों में महिलाओं को कुछ ही मात्रा में अंगूर खाने चाहिए।

क्या है अंगूर की सही मात्रा?

सही मात्रा में अंगूर खाने से शरीर के साथ-साथ त्वचा को कई लाभ मिल सकते हैं, लेकिन अगर आप इनका अधिक सेवन करते हैं तो इससे त्वचा पर उल्टा असर पड़ सकता है। दरअसल, अंगूर के अधिक सेवन से त्वचा पर सूजन, खुजली और रैशेज जैसी समस्याएं हो सकती हैं।बता दें कि रोजाना 20 से 30 अंगूर का सेवन करना ही स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य - 74

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 73 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |



# सतीश कौशिक की आखिरी फिल्म कागज 2 का ट्रेलर रिलीज

पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म कागज को साल 2021 में दर्शकों और समीक्षकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। वहीं, इसकी अगली कड़ी कागज 2 भी अपनी रिलीज को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। कागज 2 दर्शकों के लिए इस कारण भी खास है, क्योंकि इसमें दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक नजर आएंगे। फिल्म के उत्साह को बढ़ाने के लिए इसका ट्रेलर जारी कर दिया है। ट्रेलर को सोशल मीडिया पर अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

कागज 2 में दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक के अलावा अनुपम खेर और नीना गुप्ता भी हैं। ट्रेलर देखकर साफ हो रहा है कि फिल्म 1 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। वीके प्रकाश द्वारा निर्देशित और शशि सतीश कौशिक, रतन जैन और गणेश जैन द्वारा निर्मित, यह फिल्म सतीश कौशिक एंटरटेनमेंट एलएलपी और वीनस वर्ल्डवाइड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड का संयुक्त उत्पादन है।

फिल्म पर बात करते हुए वीनस फिल्म्स के निर्माता रतन जैन ने कहा, सतीश जी के साथ मेरा जुड़ाव बहुत पुराना था। उन्होंने मेरी कंपनी के लिए एक फिल्म का निर्देशन किया और हमने साथ में कई फिल्मों का निर्माण किया। कागज 2 उनके दिल में एक विशेष स्थान रखता है। यह मेरे प्रिय मित्र को एक श्रद्धांजलि है। रतन जैन ने जोड़ा, इस फिल्म से यह संदेश जाता है कि अपना रास्ता बनाने के लिए दूसरे का रास्ता न रोकें। राजनीतिक रैलियां और विरोध प्रदर्शन अक्सर ट्रैफिक जाम का कारण बनते हैं, जिससे आम लोगों को असुविधा होती है। अनुभवी अभिनेता अनुपम खेर ने कागज 2 के ट्रेलर को साझा करते हुए दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक के लिए एक हार्दिक नोट लिखा। अनुपम ने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर को कैप्शन दिया, पेश है मेरे दोस्त सतीश कौशिक के जुनूनी प्रोजेक्ट कागज 2 का ट्रेलर। ये सिर्फ मुद्दा नहीं, ये हर आदमी के इमोशन्स हैं। कागज 2 का निर्माण सतीश कौशिक एंटरटेनमेंट एलएलपी और वीनस वर्ल्डवाइड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से शशि सतीश कौशिक, रतन जैन और गणेश जैन द्वारा किया गया है।

# तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने वीकेंड पर मचाया तहलका!

शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को थिएटर में रिलीज हुई है. वैलेंटाइन वीक में रिलीज हुई इस रोमांस कॉमेडी फिल्म को फैंस पसंद कर रहे हैं. फिल्म की कमाई में दूसरे दिन उछाल देखने को मिला है. रिपोर्ट के मुताबिक, तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने इंडिया में दूसरे दिन 9.5 करोड़ की कमाई की है. हालांकि, फिल्म की कमाई को लेकर अभी तक ऑफिशियल आकंड़े सामने नहीं आए हैं. अगर फिल्म ने दूसरे 9.5 करोड़ की कमाई की है तो फिल्म का अभी तक का टोटल कलेक्शन 16.52 करोड़ हो गया है.

बता दें कि फिल्म ने पहले दिन भी ठीक-ठीक कमाई की थी. ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक, मूवी ने पहले दिन 7.02 करोड़ की कमाई की थी और खबरें थी कि दूसरे दिन फिल्म की कमाई में इजाफा देखने को मिलेगा. फिल्म की बात करें तो इसमें लीड रोल में शाहिद कपूर और कृति सेनन हैं. इस फिल्म में कृति सेनन इस बार अलग अंदाज में दिख रही हैं. वो पहली बार रोबोट के रोल में नजर आ रही हैं. वहीं शाहिद लवर बॉय के रूप में हैं. फिल्म की कहानी कुछ ऐसी है कि शाहिद कपूर एक रोबोट यानी कृति सेनन के प्यार में पड़ जाते हैं और शादी करना चाहते हैं. जब शाहिद को ये पता चलता है कि कृति एक रोबोट है, उसके बाद उनके होश उड़ जाते हैं.

फिल्म में शाहिद कपूर और कृति सेनन का रोमांटिक अंदाज देखने को मिल रहा है. तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को मैडॉक फिल्म ने प्रोड्यूस किया है. इस फिल्म को अमित जोशी और आराधना साह ने डायरेक्ट किया है. फिल्म में धर्मेंद्र और डिंपल कपाडि?ा जैसे स्टार्स भी हैं. फिल्म को फैंस से मिले जुले रिव्यूज मिले हैं. हाल ही में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कृति ने धर्मेंद्र संग काम करने को लेकर रिएक्ट किया था. कृति ने कहा था- धर्मेंद्र बहुत लविंग हैं. जिस तरह से वो आपसे मिलते हैं, आपके सिर पर अपना हाथ रखते हैं. जिस दिन उन्हें अपना कॉस्ट्यूम पसंद आता था तो वो उसमें एक सेल्फी लेकर अपने बेटे सनी और बॉबी को भेजते थे. फिर उनके बेटे उन्हें वॉइस नोट भेजते थे कि पापा आप अच्छे लग रहे हैं.

# जेलर के मुकाबले रजनीकांत की लाल सलाम की ओपनिंग रही ठंडी

ऐश्वर्या धनुष के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'लाल सलाम' सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म में विष्णु विशाल और विक्रांत ने लीड रोल प्ले किया है। वहीं रजनीकांत का फिल्म में एक्स्टेंडेड कैमियो है ऐश्वर्या रजनीकांत ने 'लाल सलाम' से 9 साल के बाद डायरेक्शन में कमबैक किया है। ऐसे में उनकी इस फिल्म को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड थे। वहीं जेलर के बाद रजनीकांत अब 'लाल सलाम' में नजर आए हैं। ऐसे में अपने थलाइवा की इस फिल्म का क्रेज ऑडियंस के सिर चढ़ा हुआ था। फिल्म का ट्रेलर आने के बाद से ही इसका काफी बज बना हुआ था। वहीं सिनेमाघरो में रिलीज होने के बाद इसे सोशल मीडिया पर भी अच्छे रिव्यू मिले लेकिन इसकी पहली दिन की परफॉर्मेंस मेकर्स के लिए झटके से कम नहीं है। बता दे कि फिल्म की ओपनिंग डे के कलेक्शन के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 'लाल सलाम' ने रिलीज के पहले दिन 4.30 करोड़ का कलेक्शन किया है। हालांकि ये शुरुआती आंकड़े हैं ऑफिशियल डाटा आने के बाद इनमें थोड़ा बहुत हेर-फेर हो सकता है।

साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की आखिरी रिलीज फिल्म जेलर ब्लॉकबस्टर रही थी। इस फिल्म ने देश ही नहीं बल्कि वर्ल्डवाइड शानदार कलेक्शन किया था। यहां तक कि की जेलर ने रिलीज के पहले दिन 48.35 करोड़ का दमदार कलेक्शन किया था। ऐसे में जेलर की तुलना रजनीकांत के कैमियो वाली फिल्म 'लाल सलाम' की ओपनिंग बेहद खराब रही है।

# सनफ्लावर 2 में अदा शर्मा निभाएंगी डरावनी बार डांसर की भूमिका



अभिनेत्री अदा शर्मा सनफ्लावर के दूसरे सीजन में एक करिश्माई बार डांसर की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्?होंने अपनी डरावनी भूमिका के बारे में खुलकर बात की।

विकास बहल द्वारा निर्मित और नवीन गुजराल द्वारा निर्देशित इस शो में सुनील ग्रोवर मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ आशीष विद्यार्थी, रणवीर शौरी, मुकुल चड्ढा और गिरीश कुलकर्णी भी प्रमुख भूमिका में हैं।

कहानी में एक रोमांचक मोड़ जोड़ते हुए, दूसरे सीजन में अदा को एक बार डांसर के रूप में पेश किया गया है, और उनकी एंट्री शो में एक नई गतिशीलता जोड़ने का वादा करती है।

अपनी भूमिका रोजी के बारे में बात करते हुए अदा ने कहा, मुझे नहीं पता कि मुझे अभी तक अपने किरदार के पेशे के बारे में कुछ भी बताने की अनुमति है या नहीं। यह रहस्य को दूर कर सकता है। लेकिन, मैं एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभा रही हूं जो दुष्ट है, फिर भी प्यारा है, वह डरावनी भी है। भूमिका की तैयारी के लिए मैंने सिलसिलेवार हत्यारों और मनोरोगियों पर बहुत सारी वृत्तचित्र भी देखें।

अभिनेत्री ने कहा, यह भूमिका निश्चित रूप से शालिनी से बहुत अलग होगी। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि निर्माता मुझे विभिन्न भूमिकाओं में देख रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, एक अभिनेत्री के रूप में मैंने रोजी का किरदार पढ़ा और मैं बहुत उत्साहित थी कि विकास बहल और चैताली ने एक ऐसी लड?की के लिए किरदार लिखा है, जो अजीब, डरावनी और बुरी है।

उन्होंने आगे कहा, अपनी भूमिका को जीवन में लाने के लिए मैंने मनोरोगी सीरियल किलर और कई व्यक्तित्व विकारों वाले व्यक्तियों के बारे में जाना। हथौड़े से दीवारें तोड़ना सीखने के लिए मुझे एक श्रमिक के रूप में शारीरिक प्रशिक्षण भी दिया गया। यह शो एक क्राइम कॉमेडी है और मुंबई में सनफ्लॉवर नामक मध्यमवर्गीय हाउसिंग सोसायटी के इर्द-गिर्द घूमती है। सनफ्लॉवर 2 का प्रीमियर जल्द ही जी 5 पर होगा।

# विक्की कौशल ने शेयर किया ऑल इंडिया रैंक का ट्रेलर

बॉलीवुड स्टार विक्की कौशल की फिल्म मसान (2015) का एक डायलॉग तो आपको याद ही होगा, जो काफी फेमस हुआ था। फिल्म मसान में विक्की कौशल ने कहा था, ये दुख काहे खत्म नहीं होता बे।।। इसे बोला विक्की ने था लेकिन लिखा वरुण ग्रोवर ने था। अब वरुण ग्रोवर के निर्देशन में बनी फिल्म ऑल इंडिया रैंक का ट्रेलर रिलीज किया गया है। विक्की ने ये ट्रेलर शेयर करते हुए अपने खास दोस्त वरुण ग्रोवर की तारीफ में कुछ बातें भी लिखी हैं और मसान का वो फेमस डायलॉग भी लिखा है। फिल्म ऑल इंडिया रैंक का ट्रेलर काफी जबरदस्त है।

विक्की कौशल ने अपने करियर की शुरुआत मसान से ही की थी और उस फिल्म का स्क्रीनप्ले वरुण ग्रोवर ने किया था। विक्की और वरुण की दोस्ती उसी समय की है और फिल्म ऑल इंडिया रैंक का ट्रेलर शेयर करके विक्की ने दोस्ती निभाई है। अब चलिए आपको फिल्म का ट्रेलर दिखाते हैं और इस फिल्म के बारे में कुछ बातें बताते हैं। विक्की कौशल ने फिल्म ऑल इंडिया रैंक का ट्रेलर रिलीज किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, हम दोनों इंजीनियर का सिनेमा की दुनिया में सफर लगभग साथ ही शुरू हुआ, मसान के साथ।।साला ये दुख काहे खत्म नहीं होता बे।।ये लाइन कई सालों पहले वरुण ग्रोवर ने ही लिखी




थी और उसमें उनकी फिल्मोग्राफी लाजवाब थी। मैं बहुत खुश हूं और ऑल इंडिया रैंक का ट्रेलर शेयर करते हुए गर्व महसूस कर रहा हूं। वरुण का निर्देशन में ये डेब्यू है जिसकी मैं शुभकामनाएं देता हूं। चमकते रहो मेरे भाई और पूरी टीम को इसकी शुभकामनाएं।

अगर फिल्म ऑल इंडिया रैंक की बात करें तो इसमें एक मिडिल क्लास फैमिली की कहानी को दिखाया गया है। एक मिडिल क्लास दंपति का एक ही बेटा होता है जो 17 साल का हो गया है और उसे आईआईटी क्रैक करने के लिए बड़े शहर भेजा जाता है। उस 17 साल के बच्चे पर माता-पिता की उम्मीदों का पहाड़ है लेकिन उसकी अपनी भी कुछ इच्छाएं हैं। इसी सफर में उसे प्यार भी हो जाता है। अब वो लड?ा आईआईटी पास करता है या आगे क्या होना है ये जानने के लिए आपको फिल्म ऑल इंडिया रैंक देखना होगा।

वरुण ग्रोवर ने फिल्म ऑल इंडिया रैंक की कहानी लिखी है और इसका निर्देशन भी किया है। राइटर वो पहले से हैं लेकिन निर्देशन की दुनिया में ये उनका पहला कदम है। फिल्म में बोधिसत्व शर्मा ने लीड रोल प्ले किया है। वहीं फिल्म में शीबा चड्ढा, गीता अग्रवाल शर्मा, शशि भूषण और शमता सुदिक्क्षा जैसे सितारे नजर आएंगे। अगर फिल्म की रिलीज की बात करें तो ये 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कम बजट की फिल्मों में जब आम जीवन से जुड़ी कहानियों को पिरोया जाता है तो वो फिल्में हमेशा बॉक्स ऑफस पर अच्छा प्रदर्शन करती हैं। बाकी फिल्म रिलीज होने के बाद ही पता चलेगा कि ये हिट होगी या सुपरहिट।

# आरक्षण पर एक जरूरी बहस

अजीत द्विवेदी

लोकसभा चुनाव से पहले जहां राजनीतिक स्तर पर आरक्षण की सीमा बढ़ाने या आरक्षण के अंदर आरक्षण की व्यवस्था करने की होड़ मची है वहीं दूसरी ओर आरक्षण को लेकर एक बेहद जरूरी बहस सुप्रीम कोर्ट में हो रही है। सर्वोच्च अदालत अपने ही 20 साल पुराने एक फैसले पर सुनवाई कर रही है और समय की जरुरतों को देखते हुए उसे बदलने की संभावना पर विचार कर रही है। यह मसला अनुसूचित जाति के लिए निर्धारित आरक्षण के अंदर ज्यादा वंचित समूहों के लिए आरक्षण की व्यवस्था से जुड़ा है। यह सिर्फ संयोग हो सकता है कि जिस समय पंजाब सरकार का यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए आया उससे ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच सदस्यों की एक कमेटी बनाई है, जो अनुसूचित जातियों के वर्गीकरण की संभावना पर विचार करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल तेलंगाना विधानसभा चुनाव के समय मडिगा समुदाय की मांग को स्वीकार करते हुए वादा किया था कि उनकी सरकार अनुसूचित जातियों के वर्गीकरण और उनमें ज्यादा वंचित समूहों को आरक्षण के अंदर तरजीह देने की व्यवस्था पर विचार करेगी।

सो, एक तरफ सरकार ने वादा पूरा करते हुए कमेटी बनाई और दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की बेंच ने 20 साल पुराने एक फैसले पर सुनवाई शुरू कर दी। सुप्रीम कोर्ट का 20 साल पुराना फैसला यह प्रावधान करता है कि अनुसूचित जाति एक होमोजेनस यानी सजातीय समूह है, जिसके अंदर वर्गीकरण नहीं किया जा सकता है। ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश सरकार व अन्य के मामले में पांच जजों की बेंच ने 2004 में यह फैसला सुनाया था। अब चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात जजों की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही है। सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस बीआर गवई ने समय की जरुरत के हवाले आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था को लेकर कई अहम बातें कही हैं, जिनसे एक नई बहस शुरू हो गई है। यह एक सार्थक बहस है, जिस पर कोर्ट रूम से बाहर और राजनीतिक व सामाजिक स्पेस में भी चर्चा होनी चाहिए ताकि आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था की प्रत्यक्ष दिख रही कमियों को दूर किया जा सके।

अगर संवैधानिक प्रावधानों की बात करें, तो उसे आधार बना कर एक पक्ष कहता है कि आरक्षण के अंदर आरक्षण की व्यवस्था करना एक तरह का भेदभाव है, जो नहीं करना चाहिए। दूसरी ओर यह तर्क है कि संविधान सभी नागरिकों के लिए समानता की बात करता है फिर भी अन्य पिछड़ी जातियों, अनुसूचित जाति व जनजातियों और गरीब सवर्णों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था कुछ लोगों के साथ भेदभाव करती है। फिर भी सुप्रीम कोर्ट के 1976 के एनएम थॉमस बनाम केरल सरकार के मामले में आए फैसले के बाद इस तरह का न्यायिक सिद्धांत विकसित हो गया है, जिसमें इस भेदभाव को समानता के अधिकार का उल्लंघन नहीं माना जाता है। देश के पिछड़े, दलित, आदिवासी और वंचित समूहों के लिए एफर्मेटिव एक्शन यानी सकारात्मक पहल के तहत आरक्षण की सुविधा दी गई है। माना गया कि ये समूह कुछ अन्य समूहों की तुलना में सामाजिक, शैक्षणिक या आर्थिक रूप से पिछड़े हैं इसलिए इनको अतिरिक्त सुविधा की जरुरत है। अगर इस तरह का वर्गीकरण संविधान प्रदत्त समानता के अधिकार का उल्लंघन नहीं करता है तो आरक्षण पाने वाले समूहों के अंदर वर्गीकरण करना और उनमें जो ज्यादा जरुरतमंद हैं उनके लिए अतिरिक्त व्यवस्था करना भी भेदभाव की श्रेणी में नहीं आएगा। समानता के सिद्धांत के बावजूद जिस तर्क से आरक्षण की व्यवस्था लागू है उसी तर्क से आरक्षण के अंदर आरक्षण की व्यवस्था भी लागू हो सकती है।

लेकिन इसके लिए सबसे पहले क्वांटिफायबल डाटा यानी ठोस आंकड़ों की जरुरत होगी। उससे पता चलेगा कि अनुसूचित जाति और जनजाति के अंदर किन जातियों को अब तक आरक्षण की व्यवस्था का सबसे ज्यादा फायदा मिला है और कौन सी जातियां अपनी सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक पृष्ठभूमि के चलते इससे वंचित रह गई हैं। सैद्धांतिक रूप से इस बात को समझने के लिए बहुत ज्ञानी होने की जरुरत नहीं है। जो जातियां शहर में हैं या जिन जातियों या परिवारों की पहली पीढ़ी को आरक्षण का लाभ मिला और उनकी स्थिति सुधर गई वे निश्चित रूप से ज्यादा लाभान्वित हुए और जो शुरुआत में ही पिछड़ गए, जो आज भी गावों व छोटे कस्बों में हैं या जंगलों के आसपास हैं वे इसके लाभ से वंचित रह गए। ऐसा नहीं है कि यह स्थिति सिर्फ अनुसूचित जातियों या जनजातियों में ही है। यह स्थिति पिछड़ी जातियों में भी है और गरीब सवर्णों के आरक्षण में भी है।

पिछड़ी जातियों में आरक्षण के लाभ से वंचित रह गई जातियों के अध्ययन के लिए भारत सरकार ने 2017 में जस्टिस जी रोहिणी की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया था। रोहिणी आयोग ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। आयोग ने मोटे तौर पर ओबीसी सूची की करीब 27 सौ जातियों को मिले आरक्षण के लाभ का अध्ययन किया है। इसने हैरान करने वाली बातें बताई हैं। इसके मुताबिक ओबीसी के लिए दिए गए 27 फीसदी आरक्षण का 97 फीसदी लाभ सिर्फ 25 फीसदी यानी करीब सात सौ जातियों को मिला है। बाकी 75 फीसदी यानी करीब दो हजार जातियां सिर्फ तीन फीसदी लाभ ले पाई हैं। उसमें भी 983 ओबीसी जातियां ऐसी हैं, जिनको आज तक आरक्षण का कोई लाभ नहीं मिला है। यानी इतनी जातियों में आरक्षण के जरिए किसी को न तो सरकारी नौकरी मिली है और न किसी सरकारी संस्थान में दाखिला मिला है। सोचें, यह कितनी बड़ी खामी है? क्या इसका यह मतलब नहीं है कि पारंपरिक पृष्ठभूमि या आरक्षण ने जिन लोगों को सबल बनाया वे और मजबूत होते गए, जबकि एक बड़ा समूह न्यूनतम लाभ से भी वंचित रह गया? हालांकि अभी तक रोहणी आयोग की रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार ने आरक्षण के अंदर वर्गीकरण की व्यवस्था लागू नहीं की है। बिहार जैसे कुछ राज्यों में जरूर पिछड़ी और अति पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था में वर्गीकरण किया गया है लेकिन वहां भी जातियों की पहचान करके उनके लिए विशिष्ट तौर पर प्रावधान करने की जरुरत है।

बहरहाल, जब पिछड़ी जातियों में शामिल 983 जातियां आरक्षण के किसी भी लाभ से वंचित हैं तो सोच सकते हैं कि अनुसूचित जातियों और जनजातियों में ऐसी जातियों या उप जातियों की संख्या कितनी ज्यादा होगी? निश्चित रूप से कुछ चुनिंदा समूहों को इसका फायदा मिल रहा है और व्यापक समाज इसके लाभ से वंचित है। इसलिए केंद्र सरकार की पहल और सुप्रीम कोर्ट में चल रही बहस दोनों का स्वागत किया जाना चाहिए और उम्मीद करनी चाहिए कि यह पूरी बहस एक सार्थक नतीजे पर पहुंचेगी और आरक्षण की व्यवस्था तर्कसंगत बनेगी। अच्छी बात यह है कि पंजाब सरकार, केंद्र सरकार, बहस में शामिल अन्य वरिष्ठ वकील और माननीय जज भी इस बात को महसूस कर रहे हैं कि आरक्षण के अंदर जातियों की सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक स्थिति के अनुरूप वर्गीकरण करना और ज्यादा जरुरतमंदों को प्राथमिकता देना समय की जरुरत है।

इसलिए इसमें किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए लेकिन आपत्ति की बात इस सिद्धांत के दूसरे पहलू को लेकर है, जिसका जिक्र सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस विक्रम नाथ ने और जस्टिस बीआर गवई ने किया और पंजाब के एडवोकेट जनरल गुरमिंदर सिंह ने भी किया। इन्होंने कहा है कि जिन लोगों को आरक्षण का लाभ मिल चुका है और जिनकी स्थिति बेहतर हो चुकी है वे आरक्षण से बाहर निकलें और सामान्य वर्ग के साथ प्रतिस्पर्धा करें। इसे लेकर आपत्ति उठाई जा रही है और अगर इसे लेकर कोई फैसला होता है तो उसका विरोध भी होगा। उसे आरक्षण छीनने की कोशिश बताया जाएगा। इसलिए इस संवेदनशील मामले को सरकार व संसद के ऊपर छोड़ देना चाहिए।

लेकिन अगर सुप्रीम कोर्ट 2004 के फैसले को पलट दे तो वह अपने आप में बड़ी बात होगी। ध्यान रहे पंजाब सरकार ने अनुसूचित और पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण के अपने 2006 के कानून में 50 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की है, जिसमें वाल्मिकी और मजहबी सिखों को प्राथमिकता दी है। पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट ने इस कानून को 2004 के ईवी चिन्नैया केस के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ बताते हुए खारिज कर दिया है। अब अगर सुप्रीम कोर्ट 2004 के फैसले को बदल देता है तो आरक्षण के अंदर वर्गीकरण का रास्ता साफ हो जाएगा। लेकिन इसके साथ ही यह निर्देश भी दिया जाना चाहिए कि केंद्र और राज्य अपने अपने स्तर पर इस बात का अध्ययन कराएं कि किन जातियों को ज्यादा लाभ मिला है और कौन सी जातियां या उप जातियां आरक्षण के लाभ से वंचित हैं। और उस आंकड़े के आधार पर वर्गीकरण की व्यवस्था को लागू करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को आरक्षण का लाभ मिल सके।

## सू- दोकू क्र. 74

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.73 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

# एनडीए में अटका है सीट बंटवारा

भारतीय जनता पार्टी की ओर से कुछ समय पहले मीडिया के चुनिंदा लोगों को यह जानकारी दी गई थी कि फरवरी के पहले हफ्ते में भाजपा के लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची आ जाएगी। यह भी कहा गया था कि मध्य प्रदेश मॉडल पर भाजपा चुनाव की घोषणा से पहले ही उम्मीदवारों की सूची जारी करके विपक्षी पार्टियों को चौंकाने वाली है। यहां तक कहा गया था कि पार्टी ने 160 सीटों पर उम्मीदवारों की छंटनी कर ली है। ये 160 सीटें वो हैं, जहां भाजपा पिछली बार चुनाव लड़ी थी और हारी थी। यानी दूसरे और तीसरे या चौथे स्थान पर रही थी। इसके अलावा इसमें वो सीटें भी शामिल हैं, जो पिछली बार भाजपा दो फीसदी से कम वोट के अंतर से जीती थी। इन सीटों पर नए और मजबूत उम्मीदवार उतारे जाने की चर्चा थी।

लेकिन फरवरी का दूसरा हफ्ता चालू हो गया और अभी तक भाजपा प्रदेश में ही उम्मीदवारों के नामों की छंटनी में लगी है। अब भाजपा की ओर से बताया जा रहा है कि अपने उम्मीदवार तय करने से पहले भाजपा नए सिरे से गठबंधन को मजबूत करने के काम में लग गई है। भाजपा अलग अलग राज्यों में नए गठबंधन सहयोगियों को जोड़ रही है। अगर सहयोगी जुड़ जाते हैं तो फिर उनके साथ सीट बंटवारा करना होगा और उसके बाद ही भाजपा अपने उम्मीदवारों के नाम तय करेगी। लेकिन सवाल है कि जिन राज्यों में भाजपा का गठबंधन पहले से है वहां सीट बंटवारा क्यों नहीं कर रही है भाजपा?

असल में भाजपा ने कई राज्यों में जान-बूझकर सीट बंटवारा अटकाया है, जिससे उसकी सहयोगी पार्टियां परेशान हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र आदि राज्यों में भाजपा के सहयोगी तय हैं लेकिन अभी पार्टी सीट बंटवारा करने की जल्दी नहीं दिखा रही है कहा जा रहा है कि भाजपा को अब भी उम्मीद है कि वह कुछ नए सहयोगी जोड़ेगी इसलिए वह सीट बंटवारे की बात नहीं कर रही है। ध्यान रहे एक महीना पहले बिहार के सहयोगी भाजपा नेताओं से मिल रहे थे और सीट बंटवारे की बात कर रहे थे लेकिन अचानक पिछले महीने तस्वीर बदल गई। नीतीश कुमार की वापसी हो गई। अब भी भाजपा को लग रहा है कि विकासशील इंसान पार्टी के नेता मुकेश सहनी गठबंधन में आ सकते हैं। संभवतः इसलिए इंतजार हो रहा है। वैसे कहा यह जा रहा है कि नई सरकार के बहुमत साबित करने के बाद सीट बंटवारा होगा। इसी तरह उत्तर प्रदेश में भाजपा के सहयोगी अनुप्रिया पटेल, ओमप्रकाश राजभर और संजय निषाद कितने समय से सीट बंटवारे की मांग कर रहे हैं। सभी नेता पिछले कुछ दिनों में अमित शाह और जेपी नड्डा से मिल चुके हैं। लेकिन भाजपा गठबंधन रोके हुए है। इस बीच खबर है कि जयंत चौधरी की रालोद को एनडीए में लाने की बात हो रही है। इस वजह से सीट बंटवारा टल रहा है। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे और अजित पवार दोनों जल्दी से जल्दी सीट बंटवारा चाहते हैं लेकिन भाजपा कोई जल्दी नहीं दिखा रही है। क्या उद्धव ठाकरे का इंतजार हो रहा है?( आरएनएस)

# क्या टूटे पुश्तों और बोल्डर के बीच होगी चारधाम की यात्रा ?

हमारे संवाददाता

देहरादून। चारधाम यात्रा इस साल टूटे हुए पुश्तों और हाईवे के बीच में पड़े बोल्डरों से होकर गुजरेगी। शासन की ओर से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 58/7 पर टूटे पुश्तों के लिए बजट उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। ऐसे में चारधाम की यात्रा पर आने वाले यात्रियों को संवेदनशील हो चुके हाईवे पर हिचकोले खाकर यात्रा करनी पड़ेगी। बता दें कि 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुल रहे हैं। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्रह्मपुरी से देवप्रयाग तक भ्वींट, बछेलीखाल, सौड़पानी, महादेवचट्टी, सिंगटाली, ब्यासी, शिवपुरी, गूलर, ब्रह्मपुरी में कई स्थानों पर पुश्ते टूटे हैं। हाईवे पर पुश्ते टूटने के कारण हाईवे डबल लेन की जगह सिंगल लेन का रह गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग खंड की ओर से इन संवेदनशील स्थानों पर किसी प्रकार के सुरक्षात्मक उपाय भी नहीं किए गए। ऐसे में रात को आकस्मिक सेवा के वाहन चालकों को परेशानी होती है। देवप्रयाग से ऋषिकेश तक करीब पांच से अधिक स्थानों पर हाईवे पर बड़े-बड़े बोल्डर गिरे पड़े हैं। लेकिन इन बोल्डरों को तोड़कर हाईवे से हटाने की बजाय इन्हें नुमाइश के लिए हाईवे पर रखा गया है। हाईवे का पुश्ता टूटने और ऊपर पहाड़ी से मलबा गिरने के कारण बछेलीखाल (डोबरी) और ब्यासी बाजार के पास हाईवे सिंगल लेन का हो गया है। इन दोनों स्थानों पर सिंगल लेन में चलने के कारण सुबह से शाम तक वाहनों की लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं उक्त स्थानों पर हाईवे के उबड़ खाबड़ होने के कारण भारी वाहनों के कमानी टूटने और दुर्घटनाग्रस्त होने का भय बना रहता है। एनएच श्रीनगर गढ़वाल की ओर से बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुश्ते निर्माण के लिए 12 करोड़ रुपये इस्टीमेट बनाकर शासन को भेजा गया है। बजट आवंटन के बाद ही पुश्तों का निर्माण कार्य शुरु किया जाएगा साथ ही बोल्डर भी हाइवे से हटाए जाएंगे।

# दो मंजिला मकान में आग लगने से हड़कंप

हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। सुबह सवेरे एक दो मंजिला मकान में आग लगने से हड़कंप मच गया। हालांकि आग में सारा सामान जलकर खाक हो गया लेकिन किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। मामले की जानकारी मिलने पर राजस्व पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थानीय लोगो की मदद से आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार आज सुबह लगभग साढ़े चार बजे तहसील मोरी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सिरगा के पूर्ति नामें तोक मे प्यार सिंह व सुनीन सिंह पुत्र सैदर सिंह के दो मंजिला आवासीय भवन में आग लगने से भवन जलकर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है, उक्त अग्निकाण्ड से प्रभावित परिवार के घरेलू सामान बर्तन, बिस्तर, ओढ़ने, पहने के कपड़े आदि सामान जलकर नष्ट होने की सूचना प्राप्त हुई हैं। ग्रामीणों की मदद से राजस्व पुलिस ने सुबह लगभग 8 बजे पूर्ण रूप से आग पर काबू पाया गया। अन्य कोई जनहानि-पशुहानि नहीं हुई है। राजस्व उप निरीक्षक मौके पर है। जिन्होने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# घर में घुसकर मारपीट में मुकदमा दर्ज

देहरादून (सं)। घर में घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूद्वारा सिंह सभा निवासी मोनिका ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके पडोस में रहने वाले जगजीत सिंह उर्फ जग्गा उनके घर में घुस आया और उसको व उसके पति के साथ गाली गलौच करने लगा। उसने जब उसका विरोध किया तो उसने उनके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## भाजपा कार्यालय कूच करते एनएसयूआई.. ◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रकाश नेगी, पूर्व महानगर महासचिव हरजोत सिंह, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष सक्षम यादव व प्रांजल ने गिरफ्तारी दी। जिसके बाद उन्हे डालनवाला कोतवाली लाया गया। जहां पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, हीरा सिंह बिष्ट, मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी, अनिल नेगी, महिला कांग्रेस से नजमा खान, आशा मनोरमा डोबरियाल एवं निधि नेगी चोटिल युवाओं का हाल पूछने डालनवाला कोतवाली पहुंचे जहां एनएसयूआई युवाओं को औपचारिकताओं के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा रिहा कर दिया गया।

## फरार आरोपियों की कुर्की का काम दूसरे.. ◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

में है तथा आम आदमी को किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसके लिए कर्फ्यू में ढील दी जा रही है। मेडिकल स्टोर व किराने की दुकाने खोली गई है जिससे लोग अपनी जरूरत का सामान खरीद सके। इस बीच सैटेलाइट तस्वीरों से यह पता लगा है कि अब जिसे मलिक के बगीचे के नाम से जाना जाता है उस स्थान पर 2018 से पहले कोई भवन या इमारत नहीं थी। यह स्थान पूर्णतया खाली था इसके बाद बीते तीन-चार सालों में ही इस पर मदरसे से लेकर नमाज अता करने के स्थान सहित तमाम बिल्डिंगों का निर्माण किया गया 2023 की सैटेलाइट तस्वीरों में इस क्षेत्र में अनेक भवन बने दिखाई दे रहे हैं। फरार आरोपियों के खिलाफ जल्द ही लुक आउट नोटिस भी जारी होने वाला है।

# हर चेक पोस्ट पर अनिवार्य रूप से स्थापित किया जाये सीसीटीवी कैमरा: मुख्य निर्वाचन अधिकारी

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी वी आर सी पुरुषोत्तम ने शनिवार को सचिवालय स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार में निर्वाचन के दौरान प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर, पुलिस बल एवं केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में पुलिस मुख्यालय, आबकारी विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारी शामिल रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व सभी तैयारियां समय से कर ली जाएं। जनपदवार पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती एवं केंद्रीय पुलिस बल की तैनाती के संबंध में विस्तृत होमवर्क कर लिया जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इंटर स्टेट मॉनिटरिंग और इंटर डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग का भी फुल प्रूफ प्लान तैयार कर प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित विभागों को यह स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हर चेक पोस्ट पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा और सर्विलांस की व्यवस्था हो। इसके अतिरिक्त पुलिस और आबकारी विभाग के सर्विलांस और चेक पोस्ट अलग-अलग स्थानों पर



स्थापित करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने प्रदेश में समस्त जनपदों से जारी हथियार लाइसेंस धारकों की सूची का पुनरीक्षण कर उनका सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पुलिस विभाग को विभिन्न जनपदों में हिस्ट्रीशीटर, गैंगस्टर की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने पुलिस विभाग से ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों के शत प्रतिशत मतदान कराए जाने हेतु विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्रीय पुलिस बलों के कैंप हेतु प्रस्तावित स्थलों पर मूलभूत व्यवस्थाओं के पहले से स्थलीय निरीक्षण कर समुचित प्रबंधन करने के निर्देश दिए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश में संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थानों का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं, इसके साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान में प्रवर्तन गतिविधियों में लगे सभी नोडल एजेंसियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग को चुनावों को देखते हुए अवैध शराब का भंडारण एवं तस्करी करने वालों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए।

पुलिस विभाग द्वारा बैठक में बताया गया कि प्रदेश में जनपदवार पुलिस बल की तैनाती, केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती, संवेदनशील स्थानों एवं प्रवर्तन संबंधित एक्शन प्लान तैयार कर दिया गया है। बैठक में आबकारी विभाग द्वारा बताया गया कि प्रदेश में चुनाव को देखते हुए प्रवर्तन एवं मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं जिसमें 24 घंटे प्रत्येक जनपद की मॉनिटरिंग की जा रही है।

बैठक में पुलिस निर्वाचन स्टेट नोडल अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी. अंशुमन, पुलिस महानिरीक्षक डॉ. निलेश आनंद भरणे, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय जोगदंडे, उप पुलिस महानिरीक्षक पी. रेणुका देवी, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल, प्रताप शाह समेत आबकारी विभाग व अन्य विभाग से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्कूटी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने खुले स्थान से स्कूटी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आवास विकास कालोनी निवासी तरूण कुमार ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह सरस्वती शिशु मन्दिर स्कूल गया था तथा उसने अपनी स्कूटी स्कूल के बाहर खडी कर दी थी। जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# चकराता मसूरी मार्ग में आया मलबा

संवाददाता

देहरादून। चकराता मसूरी मार्ग में मलबा आने से मार्ग अवरूद्ध हो गया। जेसीबी से मार्ग खुलवाने की तैयारी की गयी। आज यहां आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार



राष्ट्रीय रातजमार्ग त्यूनी से लौखण्डी, चकराता, मसूरी, धनौल्टी व नई टिहरी मोटर मार्ग में भारी मलबा व स्लिप आने के कारण 139 किलोमीटर (कैम्पटी) में अवरूद्ध हो गया है। मार्ग को खोलने हेतु एक जेसीबी कार्यरत है मार्ग खोलने की कार्यवाही गतिमान है।

# बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का दिया प्रशिक्षण

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस कमेटी के वॉर रूम ट्रेनिंग हेड ललित मेघवंशी ने लोकसभा चुनावो को लेकर बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने का प्रशिक्षण दिया।

आज यहां प्रदेश कार्यालय देहरादून में एसीसी के वॉर रूम ट्रेनिंग हेड द्वारा वॉर रूम के चेयरमैन नवीन जोशी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक मे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वॉर रूम ट्रेनिंग हेड ललित मेघवंशी ने आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने की रणनीति और ढांचे पर जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया। गया .उन्होंने कहा कि भाजपा ने कई मुद्दों पर जनता के हितों की अनदेखी की है हमे उस पर कार्य करना है और जनता के मुद्दों को उठाना



है। बैठक में वॉर रूम चेयरमैन नवीन जोशी ने संबोधन करते हुए कहा कि प्रदेश में चुनावों को लेकर बूथ जोड़ों भारत जोड़ों मुहिम पर सक्रियता से कार्य किया जा रहा है और भाजपा सरकार की विफलताओं को हम ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर तक लोगों से जुड़ने का काम कर रहे हैं साथ ही उन्होंने ट्रेनिंग में वॉर रूम के पदाधिकारियों को भाजपा द्वारा अग्निवीर योजना से हताश युवाओं और सेना में सेवा करने की इच्छा रखने वालों की समस्याओं को उजागर करते हुए काम करने के निर्देशित दिए। इस अवसर पर बैठक में गोपाल सिंह गड़िया, विनय कुमार, प्रवीन डोभाल ,प्रवीन त्यागी, वीरेंद्र प्रधान, विनीत गुप्ता, आर्यन चौधरी, वीरेंद्र पंवार, रुहान हसनैन , भीम सिंह करासी उपस्थित रहे।

## एक नजर

# अयोध्या में रामलला के दर्शन की नई व्यवस्था लागू

अयोध्या। श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ने शुक्रवार को दर्शनार्थी श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए बड़ा फैसला किया है जिससे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद सरलता से रामलला का दर्शन सुलभ हो सकेगा। तीर्थ क्षेत्र ने इसके लिए सुगम दर्शन व विशिष्ट दर्शन की दो नई श्रेणी तय की है। इस श्रेणी में दर्शन की सुविधा सुबह सात बजे से रात्रि नौ बजे के मध्य दो-दो घंटे की छह अलग-अलग स्लाट में मिलेगी। इस श्रेणी में पास निर्गत कराने वाले श्रद्धालुओं के लिए बुकिंग स्लाट के निर्धारित समय में पहुंचने की अनिवार्यता रहेगी अन्यथा पास निरस्त माना जाएगा। यह व्यवस्था शनिवार से लागू हो जाएगी। सुगम दर्शन के लिए तीन सौ व विशिष्ट दर्शन में डेढ़ सौ पास होंगे निर्गत: सुगम दर्शन के लिए तीन सौ श्रद्धालुओं को पास निर्गत किए जाएंगे जिनमें 150 पास की बुकिंग आनलाइन श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र की वेबसाइट के माध्यम से होगी। इसके अलावा 150 पास रेफरल होंगे जो तीर्थ क्षेत्र की कार्यकारिणी के सदस्यों व शासन -प्रशासन के उच्चाधिकारियों की संस्तुति पर निर्गत किए जाएंगे। इस तरह से विशिष्ट दर्शन की व्यवस्था भी सुबह सात बजे से रात्रि नौ बजे के मध्य निर्धारित दो-दो घंटे के छह स्लाट में ही होगी। विशिष्ट दर्शन के लिए 150 श्रद्धालुओं को भेजने का निर्णय है। सुगम दर्शन के स्लॉट : सुबह सात से नौ बजे तक, सुबह नौ बजे से 11 बजे तक, अपराह्न एक से तीन बजे तक, अपराह्न तीन से सायं पांच तक, सायं पांच बजे से सात तक, सायं सात से रात्रि नौ तक। श्रृंगार आरती सुबह सवा छह बजे होगी। जबकि पास से श्रद्धालुओं का प्रवेश पौने छह बजे से होगा।



# तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, 9 लोगों की मौत

चेन्नई। तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के वेम्बाकोट्टई में एक पटाखा फैक्ट्री में शनिवार को विस्फोट हो गया। इस हादसे में यहां काम करने वाले 9 श्रमिकों की मौत हो गई, जब 6 अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। यह पटाखा फैक्ट्री मुथुसामीपुरम में स्थित थी, जिसके मालिक का नाम विजय बताया जा रहा है। विस्फोट के बाद सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस, फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। विस्फोट फैक्ट्री के केमिकल मिक्सिंग रूम में हुआ। इस विस्फोट में फैक्ट्री के पास स्थित चार इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि जिस मकान में पटाखा फैक्ट्री चल रहा था, वह जमींदोज हो गया।



# 'मुझे गिरफ्तार करेंगे तो एक लाख केजरीवाल पैदा हो जाएंगे'

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकते हो, उसकी सोच को कैसे गिरफ्तार करोगे। उन्होंने कहा कि एक केजरीवाल को गिरफ्तार करोगे तो मेरी भारत माँ की कोख से एक लाख केजरीवाल पैदा हो जाएंगे। केजरीवाल विधानसभा में श्विश्वास प्रस्तावश् के तहत संबोधन दे रहे थे। उन्होंने शुक्रवार को विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पेश किया था। मालूम हो कि दिल्ली की कथित शराब घोटाला मामले में उन्हें 17 फरवरी को पेश होना था। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। बीजेपी के दबाव के बावजूद वह झुकने वाले नहीं हैं क्योंकि वह ईमानदार हैं। अरविंद केजरीवाल ने विश्वास प्रस्ताव लाने के पीछे की वजह बताई और कहा कि उन्होंने कल भी अपने विधायकों से बीजेपी द्वारा संपर्क किए जाने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने पाया कि सात विधायकों से संपर्क किया गया था। उन्होंने कहा कि राजेश गुप्ता ने अपने मामले का जिक्र किया, कुछ दोस्त, कुछ रिश्तेदार आए और कहने लगे कि हम तुम्हें पैसे देंगे, मंत्री पद देंगे, अमित शाह से मिलवाएंगे वगैरह-वगैरह।




# गुलदार की खाल तस्करी में एक गिरफ्तार, 2 खालें बरामद

हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। गुलदार की खाल तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से दो गुलदार की खाले भी बरामद की गयी है।

जानकारी के अनुसार बीते दिनों एसओजी उत्तरकाशी को सूचना मिली कि जिले में एक वन्यजीव तस्कर गुलदार की खाल तस्करी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए एसओजी टीम द्वारा थाना पुरोला पुलिस व वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल व्यूरो दिल्ली (डब्लूसीबीबी) के साथ समन्वय बैठाते हुए एक संयुक्त टीम गठित की गयी। टीम द्वारा कल रात्रि को जाल बिछाते हुये थाना पुरोला क्षेत्र से देहरादून-नौगांव राष्ट्रीय राजमार्ग पर जरड़ाखड्ड के पास से वरुण उर्फ लक्की निवासी नाड़ा लाखामण्डल देहरादून नामक तस्कर को गुलदार की खाल तस्करी करते हुये गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से गुलदार की 2 खालें बरामद हुयी हैं। पुलिस द्वारा वन्य जीव की खाल की तस्दीक हेतु वन विभाग की टीम को मौके पर बुलाया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आरोपी वरुण के खिलाफ थाना पुरोला पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी उक्त खालों को रिखनाड़ लाखामण्डल के जंगलों से लाकर तराई के एरिया में उच्च दामों पर बेचने के लिये ले जा रहा था, जिसको एसओजी व पुलिस की टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस कार्यालय उत्तरकाशी में आयोजित पत्रकार वार्ता में सीओ प्रशान्त कुमार द्वारा बताया गया कि हमारी एसओजी की टीम पिछले कई दिनों से इसकी निगरानी कर रही थी, जिसमें कल रात टीम को तस्कर वरुण (लक्की) को पकडने में कामयाबी हाथ लगी है, लैपर्ड/गुलदार वन्य जीव की दुर्लभ होने वाली प्रजातियों मे एक है, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूची 1 मे इसे उच्चतम स्तर की सुरक्षा प्राप्त वन्य जीव प्रजातियों में रखा गया है।



## हल्द्वानी हिंसा के बाद पटरी पर लौटी जिंदगी, अब रहेगा केवल नाइट कर्फ्यू

हमारे संवाददाता

नैनीताल। हल्द्वानी हिंसा के बाद अब कर्फ्यू की आजादी बढ़ी है। जिलाधिकारी ने देर रात नए आदेश जारी किए हैं, जिसमें केवल अतिक्रमण मुक्त स्थल के 100 मीटर के परिधि में ही कर्फ्यू लागू रहेगा। बाकी बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में दिन के समय कोई कर्फ्यू नहीं होगा, केवल रात को ही कर्फ्यू लागू रहेगा।

बता दें कि आठ फरवरी को उपद्रव के बाद पूरे नगर में कर्फ्यू था, लेकिन जैसे-जैसे हालात नॉर्मल होते गए, कर्फ्यू की मियादें बढ़ती रहीं। अब डीएम वंदना ने नए आदेश जारी किए हैं। इसमें थाना बनभूलपुरा क्षेत्र में गौजाजाली, रेलवे बाजार, एफसीआई गोदाम परिसर के लिए सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक कोई कर्फ्यू नहीं होगा। इसके अलावा, शेष बनभूलपुरा क्षेत्र में सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक कर्फ्यू से छूट मिलेगी। संबंधित क्षेत्रों में शाम 5 बजे से सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू रहेगा।

## स्कूटी किराये पर लेकर फरार

संवाददाता

देहरादून। स्कूटी किराये पर लेकर फरार होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार तिरूपति ट्रेवल्स प्रिंस चौक के संचालक अनमोल ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका दुपहिया वाहन किराये पर देने का कारोबार है। उसने बताया कि पौडी गढवाल निवासी संजय कुमार उसके पास आया और उसके यहां से स्कूटी किराये पर लेकर गया था। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी ना तो उसकी स्कूटी वापस करी और ना ही उसको उसका किराया अदा किया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# चोरी की तीन बाइक के साथ दो शातिर दबोचे

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। बाइक चोरी मामलों को खुलासा करते हुए पुलिस ने दो शातिरो को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से चुरायी गयी तीन बाइक भी बरामद की गयी है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज अमित कुमार पुत्र बिजेन्दर कुमार ग्राम बहादुरपुर जट द्वारा ई एफआईआर के माध्यम से थाना भगवानपुर में ग्राम खुब्बनपुर सें खुद की बाइक चोरी होने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कराया गया था। वहीं सुनील कुमार पुत्र राम सिह ग्राम बुडाखेरा पुंडीर थाना फतेहपुर द्वारा थाना भगवानपुर में खुद की बाइक ग्राम मंडावर से चोरी होने की शिकायत दर्ज करवायी गयी थी। वहीं विनोद कुमार पुत्र अतर सिह निवासी खेडी शिकोह पुर द्वारा ई एफआइआर के माध्यम से खुद की बाइक को ग्राम बहबलपुर से अज्ञात चोर द्वारा 13 फरवरी को चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था। क्षेत्र में हो रही बाइक चोरी के मामलों को देखते हुए पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। जिस पर कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने उक्त चोरियों में शामिल दो लोगों को चोरी की तीन बाइकों सहित गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में उन्होने अपना नाम दीपक पुत्र सुन्दर लाल निवासी ग्राम रसूलपुर तेलीवाला धनौरी थाना पिरान कलियर जनपद हरिद्वार हाल ग्राम डाडाप्ट्टी थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार, राशिद पुत्र कुर्बान निवासी ग्राम अकबरपुर कालसो थाना भगवानपुर बताया। पुलिस ने उन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## दून से दिल्ली जाने वाली वंदे भारत ट्रेन अब बुधवार को भी होगी संचालित

हमारे संवाददाता

देहरादून। देहरादून से दिल्ली रूट पर चलने वाली वंदे भारत ट्रेन अब बुधवार को भी संचालित होगी। राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी ने बताया कि व्यापारियों की मांग थी कि बुधवार को ट्रेन बंद रहने से व्यापार के लिए आवाजाही में दिक्कत हो रही है।

उन्होंने बताया कि मंत्रालय ने इस मांग को भी मंजूरी दे दी है। बता दें कि इस ट्रेन का संचालन सप्ताह में एक दिन बंद रहता है। ऐसे में अब बुधवार को जगह अन्य किसी दिन ट्रेन का संचालन बंद किया जा सकता है। वहीं दूसरी ओर, लक्सर में कोरोना के बाद से बंद चल रही पैसेंजर ट्रेनों का संचालन भी जल्द शुरू किया जायेगा।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*